## खबर संक्षेप

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के शिविर

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड छिंदवाड़ा के अधीक्षण अभियंता श्री खुशियाल शिववंशी ने बताया कि प्रशासनिक भवन म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड खजरी रोड छिन्दवाड़ा में आज जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का आयोजन किया गया। फोरम में अध्यक्ष/कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) छिन्दवाड़ा श्री व्ही.के.महाजन, श्री राकेश सक्सेना, सदस्य/प्रोस्यूमर एवं विनोद लोखंडे, सदस्य/से.नि. कार्यपालन अभियंता उपस्थित थे। विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिये आयोजित शिविर में विद्युत बिलों से संबंधित 10 उपभोक्ताओं की शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 08 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया एवं 02 शिकायतों को पंजीकृत कर संबंधित कार्यालयों को निर्धारित समयावधि में नियमानुसार निराकरण के लिये प्रेषित किया गया ।

### चूडाबोह में किया गया पौधारोपण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार विकासखंड मोहखेड के ग्राम चूडाबोह माध्यमिक शाला परिसर में आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग एवं सृजन संस्था द्वारा 200 फलदार पौधों का स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री नीलकंठ पटवारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मोहखेड श्री डी.एस.घाघरे, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती शारदा उइके, श्री के.डी. गोनेकर एवं सृजन संस्था के टीम लीडर श्री संदीप भूझेल, श्री रजनीश विश्वकर्मा, श्री रामभजन डेहरिया, श्री वीरेन्द्र, सुश्री योगिता एवं सुश्री वैष्णवी, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका, विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### सीएम ने अमरवाड़ा, बटकाखापा में आमसभा लेकर किया जनता को संबोधित

# केन्द्र में मोदी जी और प्रदेश में यादव जी की सरकार में ही अमरवाड़ा का विकास हो सकता हैं- बंटी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



अमरवाड़ा, बटकाखापा आमसभा को संबोधित करते हुए बंटी विवेक साहू ने कहा कि छिंदवाड़ा के विकास के लिए बगैर मांगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बहुत कुछ दिया हैं।

मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 100 करोड़ दिए, सड़कों के लिए 300 करोड़ की स्वीकृति दी, स्कूलों की स्वीकृति मिली आने वाले समय में विकास के लिए और भी राशि मिलेगी।

बंटी विवेक साहू ने कहा कि अगर अमरवाड़ा और बटकाखापा में विकास हो सकता हैं। तो वह केन्द्र में मोदी जी और प्रदेश में डॉ. मोहन यादव जी की सरकार में ही संभव हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी आयेंगे बरगलाएंगे, झूठ बोलेंगे लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा अमरवाड़ा विधानसभा के विकास का हैं। इसलिए आने वाली 10 तारीख को भाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह को भारी मतों से विजयी बनायें। बंटी विवेक साहू ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार और प्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार में आदिवासी महा पुरूषों को सम्मान देने का कार्य कर रही है।

### मुख्यमंत्री, सांसद ने बजाया ढोल मंजीरा

बटकाखापा में आमसभा में पहुंचते ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आदिवासियों ने ढोल धमाके के साथ स्वागत किया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू अपने आप को रोक नहीं पाए मुख्यमंत्री जी ने मंजीरा अपने हाथ में लिया और बजाने लगे साथ में ढोल पकड़कर सांसद ने भी बजाना शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व सांसद बंटी विवेक साहू ने आदिवासी धर्मगुरूओं का शाल श्रीफल से सम्मान किया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहू ने आमसभा के दौरान आदिवासी धर्मगुरूओं का शाल श्रीफल से सम्मान किया।

### साहित्यकारों और परिजनों ने सभी साहित्यकारों को दी बधाई

# ओमप्रकाश "नयन" विश्व साहित्य सम्मान से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

माधवराव सप्रे संग्रहालय भोपाल के संस्थापक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर के मुख्य आतिथ्य, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के पूर्व कुलपति और भारतीय जनसंचार संस्थान नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक आचार्य डॉ.संजय द्विवेदी के सारस्वत आतिथ्य और नालंदा महाविहार बिहार के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ.विजय कर्ण के विशेष आतिथ्य में गत दिवस गांधी भवन भोपाल में निर्दलीय प्रकाशन और जन संगठन दृष्टि भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में निर्दलीय प्रकाशन का 51वां वार्षिकोत्सव सह साहित्योत्सव संपन्न हुआ।

इस वृहद कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ साहित्यकार ओमप्रकाश "नयन" विश्व साहित्य सम्मान से सम्मानित हुये। इसके अलावा जिले के वरिष्ठ शायर अजमेरा "मयकश" और छिन्दवाड़ा जिले के एवं भोपाल में निवासरत वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.गोपेश वाजपेयी व चरणजीत सिंह कुकरेजा भी सम्मानित किये गये।इसी प्रकार पांढुर्णा जिले के सौंसर के वरिष्ठ पत्रकार हंसराज बारसकर, साहित्यकार शेषराव गणपतराव कंटक एवं पूर्व सैनिक व सामाजिक कार्यकर्ता श्री प्रदीप कलसकर राष्ट्रीय शिखर सम्मान से सम्मानित हुये। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन में 6 आभासी अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान, 16 राष्ट्रीय शिखर सम्मान और 51 साहित्यकार, शिक्षाविद और समाजसेवी विश्व साहित्य सम्मान से सम्मानित किये गये।

निर्दलीय प्रकाशन के संस्थापक संपादक कैलाश श्रीवास्तव "आदमी" और संपादक प्रिंस अभिषेक "अज्ञानी" के अथक परिश्रम और संयोजन में लगभग 18 राज्यों के साहित्यकारों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। 9 सत्रीय इस कार्यक्रम में उद्घाटन व परिचय सत्र, संत साहित्य व्याख्यान माला, राष्ट्रीय शिखर सम्मान व विश्व साहित्य सम्मान, साहित्य, शिक्षा व भाषा विमर्श, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और गीत संगीत के कार्यक्रम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे।

# जिले में अभी तक 258.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 258.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 326.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 08 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 3.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 08 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 0.6, तामिया में 01, अमरवाड़ा में 8.2, चौरई में 05 और हर्रई में 18.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 224.5, मोहखेड़ में 350, तामिया में 254, अमरवाड़ा में 319.2, चौरई में 249, हर्रई में 144.8, बिछुआ में 332.4, परासिया में 185.5, जुन्नारदेव में 193.2, चांद में 380.2 और उमरेठ में 208.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### जिला सैनिक कल्याण अधिकारी का भ्रमण कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा।** पांढुर्णा जिले के सभी पूर्व सैनिकों/विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिये आगामी 10 जुलाई को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (से.नि.) लेफ्टिनेंट कर्नल जया जेवियर दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक पी.डब्ल्यू.डी. विश्राम भवन के सभाकक्ष में उपस्थित रहेगी। जिसमें अधिक से अधिक पूर्व सैनिकों/विधवाओं/आश्रितों को आगामी 28 जुलाई को छिंदवाड़ा में होने वाले जिला स्तरीय पूर्व सैनिक सम्मेलन के बारे में अवगत कराया जायेगा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (से.नि.) लेफ्टिनेंट कर्नल जया जेवियर ने सभी पूर्व सैनिकों/विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अनुरोध किया है कि वे अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से सैनिक सम्मेलन में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### हाईस्कूल खुटिया में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय हाईस्कूल खुटिया परिसर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर तथा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बच्चों को शिक्षा के संबंध में कहानी सुनाकर शिक्षा का महत्व समझाया और बताया कि शिक्षा व्यक्ति की अमूल्य धरोहर है, शिक्षा से व्यक्तित्व का विकास होता है। प्रत्येक विद्यार्थी अगर अनुशासित होकर निरंतर समय प्रबंधन करके अध्ययन करता है तो वह इच्छानुसार सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकता है। पर्यावरण के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि, पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण के संरक्षण में योगदान देना चाहिए अन्यथा प्रकृति का संतुलन बिगड़ने से मानव जीवन पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त लैंगिक अपराधों से किस प्रकार बचा जा सकता उसके बारे में बताया और चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 के बारे में बताया तथा मोटरयान अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री विजय खोब्रागड़े ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि हमें साफ-सफाई पर ध्यान देना चाहिए, घरों का कचरा, कचरा पेटी या कचरा डालने के लिए बनाए गए निर्धारित स्थान पर ही डालना चाहिए।

### मेहलोन व हर्रई में स्वीप गतिविधियों का आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर और जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के शासकीय कला पथक दल द्वारा गत दिवस अमरवाड़ा विधानसभा के ग्राम मेहलोन एवं विकासखंड हर्रई के कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों के क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रेरित किया गया।

### मुख्य मछली बाजार से 40 किलो मत्स्य जप्त

**छिन्दवाड़ा।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा वर्षा ऋतु में 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट,मत्स्य विक्रय व परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर श्री सिंह के आदेश के परिपालन में मत्स्य विभाग द्वारा गठित जांच दल ने आज छिंदवाड़ा शहर के मुख्य मछली बाजार में चैंकिंग की गई एवं अवैधानिक मत्स्य विक्रय का कार्य करते हुए मत्स्य विक्रेता पाये जाने पर 40 किलो मत्स्य जप्त की गई, जिसकी नीलामी से प्राप्त 2500 रूपये की राशि शासकीय कोष में जमा की जा रही है। गठित जांच दल में सहायक मत्स्योघोग अधिकारी श्री संजय आम्बोलिकर, सहायक मत्स्योघोग अधिकारी श्री एस.एस.मरकाम, मत्स्य निरीक्षक श्री अनिल कुमार राउत एवं अन्य विभागीय अमला शामिल था । कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशानुसार विभाग द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है ।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**छिंदवाड़ा।** जन सेवा हिताय संगठन एव जन अभियान परिषद प्रस्फुटन समिति नोनिया द्वारा पौधारोपण किया शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में किया। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशन एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन की उपस्थिति में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में *जन सेवा हिताय संगठन एवम जन अभियान प्रस्फुटन समिति नोनिया द्वारा हुआ पौधा रोपण जिसमें श्रीमती हर्षा बनोदे ने जानकारी देते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान छिंदवाड़ा जिले के प्रत्येक ग्राम, नगर में इस अभियान को चलाया जा रहा है। जिसको अपनी मां की याद में पोधा रोपण करना हर व्यक्ति को करना चाहिए। *सिंगर बादल भारद्वाज ने कहा की जल पालक मां और जमीन जंगल बाप इन्हें बचाए हम ओर आप।तभी तो कम होगा वातावरण का ताप जिसमे मुख्य रूप से उपस्थिति श्री अभिजीत परमार, शिक्षा विभाग के सहायक संचालक डीपी डेहरिया, प्राचार्य भारत सोनी , राघवेंद्र वसूले अलका श्रीवास्तव एवं माहौर मैडम संरक्षण श्री शंकर निमजे जन संख्या समाधान फाउंडेशन से अध्यक्ष वन्दना विश्वकर्मा, श्रीमती मीना अग्निहोत्री , गुरुशरण कोर , लक्ष्मी निमजे, नेहा सिंग , रूपा प्रधान लक्ष्मी यदुवंशी, निशा यादव, अनुप्रिया साहू ,डॉली जैन, डॉक्टर राम आमगोरिया, अखली सुरवंशी, एवम शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा शिक्षा विभाग उपस्थित हुए।



# जन और जनजातीय संस्कृति के विकास में अव्वल मध्यप्रदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जनजातीय वर्ग के समग्र विकास के लिये राज्य सरकार बेहद संवेदनशील है। इस वर्ग के लिये सरकार की संवेदनशीलता इसी तथ्य से परिलक्षित होती है कि सालाना बजट 2024-25 में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति (उप योजना) के लिये 40 हजार 804 करोड़ रूपये बजट आवंटित किया गया है। यह बजट वर्ष 2023-24 से 3 हजार 856 करोड़ रूपये (करीब 23.4 प्रतिशत) अधिक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जनजातीय वर्ग के कल्याण और इन्हें समर्थ बनाने की संवेदनशील पहल पर ही इस वर्ष जनजातीय कार्य विभाग को पहले से अधिक धनराशि आवंटित की गई है। जनजातीय बंधुओं और इनकी समृद्ध संस्कृति के संरक्षण और विकास के लिये सरकार द्वारा अनेक नवाचारी कदम उठाये जा रहे हैं। सरकार के प्रयासों से जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी, युवा, खिलाड़ी और कलाकार अब विकास की एक नई राह पर चल पड़े हैं।

जनजातीय वर्ग के बच्चों की शिक्षा-दीक्षा की ठोस चिंता करते हुए सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में सीएम राइज स्कूलों के निर्माण के लिये 667 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान नियत किया है। इस वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये सरकार ने 11वीं, 12वीं एवं महाविद्यालयीन का छात्रवृत्ति के लिये 500 करोड़ रूपये प्रावधान किया हैं। सरकार की अत्यंत सराहनीय पहल आकांक्षा योजना में जनजातीय वर्ग के 10वीं पास विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश सरकार नीट, क्लैट एवं जेईई की निःशुल्क कोचिंग देने का कार्य कर रही है। निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ सरकार जनजातीय विद्यार्थियों को टैबलेट भी देगी। साथ ही डेटा प्लान भी सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

# अभिभावक 3 से 5 वर्ष समूह के बच्चों का नाम चयनित शालाओं में दर्ज कराएं

### कक्षा नर्सरी, केजी-1, केजी-2 की कक्षाएं 1 जुलाई से की गई है प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र छिंदवाड़ा ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 3-5 वर्ष आयु समूह के बच्चों के लिए जिले की चयनित 517 शासकीय शालाओं में पूर्व प्राथमिक कक्षा नर्सरी, केजी-1, केजी-2 की कक्षायें 01 जुलाई 2024 से प्रारंभ की गई है। चयनित 517 शालाओं की सूची जनपद शिक्षा केन्द्र कार्यालय व जनशिक्षा केन्द्र कार्यालय में देखी जा सकती है। इन शालाओं के अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने 3 से 5 वर्ष आयु समूह के बच्चों को चयनित शालाओं में दर्ज करायें। इन शालाओं के शिक्षकों की विकासखण्ड स्तर पर बैठक आयोजित कर कक्षाओं में नामांकन बढ़ाने के लिये मार्गदर्शित किया गया है। साथ ही इन शालाओं के प्रधान अध्यापकों, शिक्षकों के द्वारा शाला स्तर पर प्रचार-प्रसार कर अभिभावकों, आगंनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व माताओं का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे शाला स्तर पर आयोजित सम्मेलन में भाग लेकर अपने बच्चों को पूर्व प्राथमिक शालाओं में दर्ज करायें।

### मतदान दलों और माईक्रोऑब्जर्वर के लिये तृतीय रेंडमाईजेशन संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान दलों और माईक्रोऑब्जर्वर के लिये तृतीय रेंडमाईजेशन आज कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। यह तृतीय रेंडमाईजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.एम.मुथुकुमार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह व रिटर्निंग अधिकारी अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, मैनपॉवर मैनेजमेंट के नोडल अधिकारी उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री अंकित भार्गव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अमरवाड़ा विधानसभा के 332 मतदान केंद्रों में मतदान कराने के लिए रिजर्व सहित कुल 365 मतदान दलों का गठन किया है और 62 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं।

# राजस्व वसूली का करें लक्ष्य प्राप्त अन्यथा होगी कार्यवाही

### अधीक्षण अभियन्ता ने ली कनिष्ठ अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं कार्यपालन अभियन्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (संचा-संधा) वृत्त छिन्दवाड़ा के अधीक्षण अभियन्ता श्री खुशियाल शिववंशी द्वारा गत दिवस प्रशासनिक भवन परिसर खजरी रोड छिन्दवाडा स्थित मिटिंग हॉल में सभी कनिष्ठ अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं कार्यपालन अभियन्ताओं की समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें पिछले तीन माह के राजस्व पैरामीटर की समीक्षा की गई।

अधीक्षण अभियन्ता द्वारा राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान पिछले तीन माह में राजस्व वृद्धि कंपनी के लक्ष्यानुरूप न होने पर तीन कनिष्ठ अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस एवं दो को स्पष्टीकरण जारी किया गया एवं भविष्य में राजस्व की प्रगति न होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। छिंदवाड़ा शहर संभाग की समीक्षा में फीडरवार लाइन लॉस का डाटा उपलब्ध नहीं कराने पर संबंधित सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं फीडर प्रभारी के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही जिन कनिष्ठ अभियंताओं की प्रगति अच्छी थी उनकी प्रशंसा की गई।

अधीक्षण अभियन्ता द्वारा एस.टी.एम.-एस.टी.सी. संभाग की समीक्षा के दौरान कार्य योजना के कार्य एवं पी.व्ही.टी.जी. हाउस होल्ड्स के विद्युतीकरण के कार्य की प्रगति कम होने पर एस.टी.एम.-एस.टी.सी. संभाग की कार्यशैली पर रोष व्यक्त किया गया। उनके द्वारा सभी अधिकारियों को उपभोक्ताओं की क्यूआर कोडिंग शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया गया, ताकि शिकायतों के निराकरण में देरी न हो। साथ ही सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिये गये कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का संतुष्टीपूर्वक त्वरित निराकरण करें एवं उन्हें अवगत करायें।

भारत सरकार की महती ₹प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना₹ की प्रगति कम होने पर अधीक्षण अभियन्ता द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गये कि योजना का प्रचार-प्रसार कर योजना का क्रियान्वयन सुचारु ढंग से करें ताकि उपभोक्ताओं को ज़्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो सके।

### स्कूलों की जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर अभिभावक संघ ने जताया आक्रोश

**छिंदवाड़ा।** प्राइवेट स्कूलों की मनमानियां के खिलाफ हमेशा संघर्ष करने वाले अभिभावक कल्याण संघ छिंदवाड़ा ने सीबीएसई स्कूलों की जांच की रिपोर्ट अभी तक जमा नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की है। संघ के जिला सचिव मनीष जैन ने बताया कि विगत 30 मई को आदेश जारी किए गए थे कि 10 जून तक फीस पुस्तक कॉपी गणवेश इत्यादि विषयों की जांच के लिए 48 सदस्य टीम का गठन किया गया किंतु करोड़ों के इस घोटाले का जहां पर्दाफाश होना था आज तक किसी प्रकार की रिपोर्ट जांच दलों द्वारा जमा नहीं की जाना संदेहास्पद है जबकि एक ही दुकान से पुस्तके व यूनिफॉर्म बिकने की शिकायत पर पूर्व में ही मोहर लग चुकी है उसके बाद भी ना ही किसी संस्था पर एफआईआर दर्ज की गई ना जुर्माना लगाया गया सब स्कूल संचालक फिर लीपा पोती कर कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाने की जुगाड़ में दिख रहे हैं, ऐसे में अभिभावक संघ आगे उच्च स्तरीय जांच की मांग करेगा और सड़कों पर आंदोलन भी करेगा।

### तामिया बीट में लगाए गए पौधे मापदंड से कहीं भी नहीं खाते मेल

# एक पेड़ मां के नाम अभियान तामिया वन विभाग में बना मजाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



1 जुलाई से 15 जुलाई तक पूरे भारत भर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शासकीय संस्थाओं के परिसर एवं सामाजिक संगठन से जुड़े लोग पौधे लगा रहे हैं। क्षेत्र हरा-भरा होगा लेकिन एक पेड़ मां के नाम के बजाय पौधारोपण को वन विभाग ने मजाक बनाकर रख दिया है। जिसकी वानगी तामिया रेंज की तामिया की ही बीट में 4 वर्ष पूर्व कैंपा मद से वन विभाग ने वृक्षारोपण किया गया था, लेकिन उनके द्वारा लगाए गए पौधे पनप ही नहीं सके। ऐसा इसलिए की रेंजर की अनुभवहीनता के कारण मापदंड के विपरीत पौधे लगाए गए थे। हजारों पौधों में से चंद पौधे भी नहीं पनप पाये। लेकिन अभी पिछले दिन कैंपा मद के पौधों की गिनती बढ़ाने के उद्देश्य से पौधे वह भी इतने छोटे हैं की जमीन से कुछ इंच ऊपर हैं तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनकी जड़ कितनी गहरी होगी और क्या यह भविष्य में पौधे पनप पाएंगे। इन पौधों को देखकर कहीं से भी नहीं लगता है कि लये जमीन से ऊपर उठकर बड़े हो पाएंगे क्योंकि पौधे लगाने के अपने मापदंड होते हैं। कैंपामद की खानापूर्ति के लिए तामिया हाई स्कूल के पीछे पौधों को लगाया गया है। वन विभाग ने लापरवाही पूर्वक खानापूर्ति कर पौधारोपण को मजाक बना दिया है। अधिकारियों को एक पेड़ मां के नाम एक पौधा रोपण की लाज रखकर कम से कम मापदंड के हिसाब से पौधे लगाना था लेकिन तामिया रेंज का दुर्भाग्य ही कहां जाए। यहां पर जंगल का विनाश लगातार होता जा रहा है। वहीं लगाए गए पौधे मैं शासन की राशि भी खर्च हो रही है और पौधे भी नहीं पनप पा रहे हैं।

**कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कालरी कर्मचारी उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित दमुआ कालीछापर, विकासखंड जुन्नारदेव एवं जिला छिन्दवाड़ा**
**(पंजीयन क्रमांक 31 दिनांक 24.08.1959)**

क्र./रजि.अधि../2024/क्यू **सूचना** दिनांक 08.07.2024

मुझे कार्यालय मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल के आदेश क्र./सह.नि.पा./ निर्वा.-2/2024/3557 भोपाल, दिनांक 01.07.2024 के द्वारा कालरी कर्मचारी उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित दमुआ कालीछापर के संचालक मण्डल के सदस्यों तथा अन्य सहकारी संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अत मैं पी.के. जैन सहकारी निरीक्षक एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कालरी कर्मचारी उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित दमुआ कालीछापर, जिला छिन्दवाड़ा एतद् द्वारा म.प्र. सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम क्रमांक 49 (ग) (05) के अनुसार सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी समितियां छिंदवाड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकासखंड कार्यालय जुन्नारदेव जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा दमुआ के सूचना फलक पर दिनांक 08.07.2024 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना है तो 08.07.2024 से दिनांक 16.07.2024 तक मुझे या मेरे द्वारा अधिकृत व्यक्ति श्री नवीन खातरकर, प्रबंधक, कालरी कर्मचारी उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित दमुआकालीछापर को लिखित में सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण संस्था कार्यालय में दिनांक 18.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे से किया जावेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित रह सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिश सूचना नहीं दी जाएगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

**सही- पी.के. जैन, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कालरी कर्म.उप.सह. भण्डार मर्या. दमुआ, कालीछापर**

### नगर पालिका के बगल में पड़ा कचरे का ढेर बन रहा मुसीबत का कारण

# परासिया-शिवपुरी स्टैंड में लगा कचरे का ढेर, यात्री हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया नगर पालिका के बाजू में परासिया शिवपुरी स्टैंड में लगा कचरे का ढेर एव आसपास भरा बारिश का पानी मुसीबत का कारण बन रहा है। इस मामले में नगर पालिका ना तो सफाई करने का सोच रही है और न ही लोगों की सेहत पर इसका क्या असर पड़ेगा इस बारे में कुछ सोच रहा है। कचरे के जमावड़े से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है जमे हुए पानी में डेंगू के मच्छर पनपने का खतरा मड़रा रहा है। बीमारी को दावत। यहां छिंदवाड़ा, दमुआ और पिपरिया की ओर आने - जाने वाले लोगों का आना जाना लगा रहता है काफी भीड़ रहती है। ऐसे क्षेत्र में कचरे का ढेर मुसीबत का कारण बना हुआ है। काफी लोगों ने इसकी शिकायत नगर पालिका एवं सी एम हेल्प लाईन ( 181 ) में भी की है, फिर भी कोई निराकरण नहीं हुआ।

### शासकीय अस्पताल में उमंग स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ

**जुन्नारदेव :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन की ओर से शासकीय सामुदायिक केंद्र जन्नारदेव में उमंग स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ किया गया है। इस सहायता केंद्र के माध्यम से विद्यालय में पढ़ने वाले किशोर बालक-बालिकाओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर यह सहायता केंद्र उनकी मदद कर रहा है। यहां नियुक्त काउंसलर श्रीमती हीना नाग के द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थीयों को समझाइए देकर उनकी काउंसलिंग कर रही है। उपरोक्त जानकारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर रविंद्र बाथम ने दिया और बताया कि जिन विद्यार्थियों को परीक्षा से डर लगता है,किसी कार्य में मन नहीं लगता, जिनकी व्यक्तिगत समस्याएं हो,परीक्षा से घबराहट नशे की लत से परेशान, स्वयं को नुकसान पहुंचाने की प्रवृत्ति आदि का समाधान नियुक्त काउंसलर द्वारा किया जाता है। उमंग स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव सरकारी अस्पताल में 10 वर्ष से 19 वर्ष तक के छात्र-छात्राएं अपनी समस्याएं बात कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।



## रोजाना हो रहा जामा मस्जिद में लंगरे आम का कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

हर साल की तरह इस साल भी यादगारे शोहदाए कर्बला यादें इमामे हुसैन माहे मोहर्रम का आगाज हो चुका है जिसको लेकर मोहर्रम की 1 तारीख को कर्बला मैदान में परचम कुशाही कर कार्यक्रम का आगाज किया गया मस्जिद गरीब नवाज की जानिब से लंगरे आम का कार्यक्रम कर्बला मैदान सब्जी मंडी जुन्नारदेव में रोजाना 2:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक रखा गया है जिसमें कमेटी द्वारा तमाम लोगों से गुजारिश की गई है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस लंगर मे शिरकत करें।

## सड़क एवं नाली के निर्माण कार्य में अतिक्रमण बना बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

नगर पालिका दमुआ के वार्ड क्रमांक 12 के बोरिंग मोहल्ला जो की बसाहट क्षेत्र है जहां पर आम जनमानस एवं नागरिकों की सुविधाओं के लिए नगर पालिका परिषद दमुआ द्वारा सड़क तो बना दी गई है परंतु बारिश के मौसम में को देखते हुए इसी वार्ड एरिया क्षेत्र में पानी की निकासी के लिए नालियां बनाई जा रही है जहां पर नालियां बनाने में काफी दिक्कत एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कारण क्योंकि नागरिकों के द्वारा अतिक्रमण सड़कों पर अपना कंपाउंड, बाउंड्री वॉल, बाडी.बनाकर अतिक्रमण किया गया है और लोगों का कहना है कि कहना है कि सड़क व नाली के निर्माण के लिए हम जगह नहीं देंगे क्योंकि सड़क ही हमारा आंगन है। इस तरह नगर पालिका के निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न हो रहा है जहां सड़क व नालियों का निर्माण होना है वहां रास्ता इतना सकरा है कि दो पहिया वाहन को निकालने में भी काफी परेशानी होती है सड़क पर लोगों ने कब्जा कर रखा है और जिसके कारण आम जनमानस को परेशानी भी हो रही है एवं नगर पालिका को भी निर्माण कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यदि ऐसा ही रहा तो नागरिकों को जन सुविधाओं का लाभ कैसे मिलेगा इसीलिए नागरिकों को चाहिए कि कार्य ऐसा करें कि की निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और सड़क भी आसानी से बन जाए और नाली का निर्माण भी सफलतापूर्वक हो जाए।

## भाजपा को जिताने जनता से रूबरू हो रहे पूर्व विधायक चौरे



**सौंसर।** अमरवाड़ा विधान सभा उपचुनाव मेंभाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह को विजयी बनाने को लेकर पूर्व विधायक अजय चौरे के द्वारा चुनाव थमने के पूर्व गांव में बैठक के लेते हुए भाजपा को विजयी बनाने की अपील की।भाजपा कार्य समिति प्रदेश सदस्य पूर्व विधायक अजय चौरै ने हरर्ई के राता माटी शक्ति केंद्र के 9 बूथों पटनीया, मेहदा, रातामाटी, बुडेना, भोड़, बडसलया,मोहरिया, चिखला, सियाझीरी के 27 ग्राम में संपर्क कर मतदाताओ को भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला मंत्री मनोज नेमा,भूषण महाजन ,रोशन गावड़े, राजेंद्र ठाकरे, सुमीत लवाले, दिनेश लाडसे आदि थे।

## रामाकोना क्षेत्र में एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण



**सौंसर।** 24 एमपी बटालियन के कर्नल थामस ओमेंन के आदेश पर एनसीसी. के छात्रों के द्वारा 200 पेडो का वृक्षारोपण करते हुए ग्रामीणों को पर्यावरण की रक्षा सुरक्षा का संकल्प दिलाया है। एनसीसी इकाई सीएम राइज सौसर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना के 100 एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा ग्राम जोबनडेरा एवं कच्चीधाना क्षेत्र में वृक्षारोपण किया।सौसर क्षेत्र से ग्रामीण रामाकोना क्षेत्र में लगभग 15 किलोमीटर दूर जाकर एनसीसी के छात्र के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान वन अधिकारी श्री चतुर्वेदी,नीलकंठ ठाकुर प्रमोद पातुरकर, और एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा खैर निम जामुन करंजी पीपल बास आवाला प्रजातियों के पेड़ों का पौधारोपण करते हुए पेड़ों से होने वाले लाभ एवं पेड़ों की रक्षा सुरक्षा किस प्रकार से की जाए इस पर भी मार्गदर्शन दिया।वृक्षारोपण कार्यक्रम में कम राय स्कूल सौसर एनसीसी अधिकारी जे.डी मर्सकोले,ए.एन उनो,विश्वेश्वर रंगारे आदि थे।

## नीट परीक्षा के दोषियों पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

### चेक पोस्ट शुरू करने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



सोमवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम भारतीय विद्यार्थी मोर्चा एवं भारतीय बेरोजगारी मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए न्याय देने की मांग की है।सौसर प्रशासन को सोपे ज्ञापन में बताया की एमपी सरकार के द्वारा चेक पोस्ट नाके बंद कर दिए है। जिसके कारण एमपी में 5000 से अधिक युवा बेरोजगार हो गए है।वर्तमान में मध्य प्रदेश के इन 5000 युवाओं के सामने परिवार के पालन पोषण की बड़ी जिम्मेदारी खड़ी हो गई है।

संगठन और चेक पोस्ट से बेरोजगार हुए कर्मचारियों के द्वारा मध्य प्रदेश के विभिन्न राजमार्गों पर संचालित होने वाले इन चेक पोस्ट को दोबारा चालू करनेकी माग की जा रही है। चेक पोस्ट दोबारा शुरू कर इन बेरोजगार युवाओं को फिर से रोजगार देना चाहिए। देश में हुई नीट परीक्षा मैं पेपर लीक होने के चलते देश के लाख हजारों छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकार में हो गया है। नीट के पेपर लीक होने के चलते कई विद्यार्थियों के द्वारा आत्महत्या और डिप्रेशन में चले गए हैं। नीट परीक्षा के साथ में छेड़छाड़ करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय घाटोड, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चासैफ अली,रूपेश सोमकुवर, शब्बीर शेख, बेरोजगार मोर्चा कर्मचारी नाका आशीष बेंडे विशाल घाटोड,देवीदास परतेती,विजय भांडे, गणेश राऊत, नितेश रोकड़े, संजय, विलास, राहुल, हर्षद, ओमकार, प्रदीप सोमकुवर,योगेश ठाकरे आबिद शेख आदि थे।

### सुलका बाई चौधरी का निधन

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया के भूतपूर्व सरपंच स्वर्गीय गोधनलाल चौधरी की धर्मपत्नि सुलका बाई चौधरी का लंबी बीमारी के बाद 8 जुलाई 24 की शाम लगभग 4 बजे स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 जुलाई 24 की सुबह 9 बजे ग्राम खमरिया के मोक्षधाम में होगा। उल्लेखनीय हैं कि उनके बड़े पुत्र बालकृष्ण चौधरी कांग्रेस सरकार में खनिज मंत्री रहे प्रदीप गुड्डा जायसवाल के पी ए थे, वहीं उनके छोटे पुत्र लक्ष्मण सिंह चौधरी अधिवक्ता हैं। श्रीमती सुलका बाई चौधरी के आकस्मिक निधन पर विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप गुड्डा जायसवाल, संदीप मिश्रा, आनंद वर्मा, गणेश सिंह ठाकुर, राजकुमार गुड्डा वर्मा, मनीष हेडाऊ, विशाल गोखले सहित अन्य शुभचिंतकों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की हैं।

### तालाब के गंदे पानी से खराब हो रही कृषि भूमि, परेशान किसान ने सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की

# किसान की शिकायत के बाद भी नपा खेत में बहा रही पानी



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** एक ओर किसान दुकानों में बिक रहे नकली खाद, बीज व रसायन से परेशान हैं। जिसके कारण उसकी कृषि भूमि व फसल दोनों ही खराब हो रही हैं। वहीं अब नगर के वार्ड नं. 9 में एक किसान पिछले कुछ वर्षो से नगरपालिका के अधिकारियों की तानाशाही से परेशान हैं। नगर के वार्ड नं. 9 में रहने वाले किसान प्रकाश बुरडे ने बताया कि पिछले कुछ वर्षो से नगरपालिका परिषद वारासिवनी के अधिकारीगण अपनी मनमानी कर वार्ड नं. 9 में स्थित आमा बोड़ी तालाब का गंदा पानी उनके खेत में बहाकर खेत की उर्वरा शक्ति को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा इस संबंध में सीएम हेल्पलाईन में 3 बार शिकायत की गई। लेकिन झूठी जानकारी देकर उनकी शिकायत को नगरपालिका के अधिकारियों द्वारा बंद करवा दिया जाता हैं।

**4 वर्षो से खेत में बहा रहे तालाब का गंदा पानी:** उन्होंने बताया कि पिछले लगभग 4 वर्षो से नगरपालिका के अधिकारीगण उनके खेत में तालाब का गंदा पानी बहा रहे हैं। जिसका उनके द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जाता हैं। पिछले वर्ष जब नगरपालिका ने तालाब का पानी उनके खेत में बहाया था, तो उन्होंने 30 दिसम्बर 23 को सीएम हेल्प लाईन में इसकी शिकायत की थी। जिस पर कुछ समय के लिए तालाब का पानी बहाना बंद कर दिया गया था।

**किसान के अनुरोध की अनसुनी कर रहे नपा अधिकारीगण:** उन्होंने बताया कि लेकिन कुछ समय बाद फिर से नगरपालिका द्वारा बिना उनकी सहमति के तालाब का गंदा पानी उनके खेत में बहाना प्रारंभ कर दिया गया। जिसकी शिकायत उनके द्वारा पुनः सीएम हेल्पलाईन में 23 मार्च 24 को की गई थी। जिसका कोई असर नगरपालिका के अधिकारियों पर नहीं हुआ और गलत जानकारी देकर उनकी शिकायत बंद करवा दी गई। अब फिर उनके द्वारा 5 जुलाई 24 को एक बार फिर सी एम हेल्प लाईन में शिकायत की गई हैं, जिसमें उन्होंने बिना अनुमति नगरपालिका अधिकारियों द्वारा तालाब का गंदा पानी बहाने की बात करते हुए उसे बंद करवाने का अनुरोध किया हैं। वहीं नगरपालिका के अधिकारियों से भी उन्होंने विनती की हैं। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं।

**खेत की उर्वरा शक्ति समाप्त करने का लगाया आरोप :** किसान प्रकाश बुरडे ने बताया कि तालाब का गंदा पानी उनके खेत में बहाने के कारण वह अपने खेत में फसल नहीं ले पा रहे हैं। वहीं उनके खेत की उर्वरा शक्ति भी समाप्त होती जा रही हैं। उन्होंने बताया कि तालाब का पानी नदी में बहाने के लिए नगरपालिका द्वारा पूर्व में एक नाली का निर्माण तालाब के किनारे से किया गया था। लेकिन उस नाली पर प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर लिया गया हैं। उस नाली को अतिक्रमण मुक्त करवा कर वहॉ से पानी की निकासी करवाने के स्थान पर नगरपालिका उनके खेत में तालाब का गंदा पानी बहाकर उनके खेत को खराब कर रही हैं।

**नपा अधिकारियों से किया तत्काल गंदा पानी बंद करने का अनुरोध:** उन्होंने नगरपालिका के अधिकारियों व पदाधिकारियों से अनुरोध किया हैं कि वह तत्काल उनके खेत से तालाब का गंदा पानी बहाना बंद करे, जिससे उनका खेत खराब ना हो और उन्हें खेती करने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

## सूना मकान पाकर चोरों ने लगाई सेंध : भाजपा जिला मंत्री के निवास पर हुई चोरी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी-सिवनी सड़क मार्ग पर कृष्णा कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मंत्री सुनीता भारंबे के निवास पर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. चोरी की यह वारदात रविवार-सोमवार की दरमियानी रात्रि में हुई है. आज सुबह जब घर में काम करने वाले महिला कर्मचारी मौके पर पहुंची तब उसने घर का दरवाजा खुला देखा और चोरी की सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही एसडीओपी माणक मणि कुमावत पुलिस बल के साथ जांच के लिए घटना स्थल पर पहुंचे हुए है. चोरों ने पूरे मकान को खंगाला है. बता दें कि भाजपा जिला मंत्री सुनीता भारंबे बीते 15 दिनों से नागपुर में है. वहीं उनके पति भास्कर भारंबे जो जल संसाधन विभाग में पदस्थ है. वह भी शुक्रवार को ही नागपुर रवाना हुए. जिस कारण मकान सुना था और इसी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है. बारंबे दंपत्ति के शहर से बाहर होने के कारण क्या-क्या चोरी हुआ है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है. चोरी की सूचना मिलते ही भास्कर बारंबे नागपुर से कटंगी के लिए निकले. उन्होंने भी चोरी के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं किया. बता दें कि चोरों ने मकान में सामने दरवाजे का ताला तोड़ा है. वहीं मकान के भीतर बेडरुम सहित सभी कमरों की स्थिति बता रही है कि चोरों ने काफी देर तक और काफी बारीकी से सभी कमरों और अलमारी को खंगाला है. बताया जाता है कि भारंबे के निवास पर पहले भी एक बार चोरी हो चुकी है जबकि एक बार चोरी का प्रयास इससे पहले भी किया जा चुका है।



कटंगी शहर में करीब 2 माह से चोरी का सिलसिला थमा हुआ था लेकिन इस चोरी की वारदात ने फिर से चोरों के सक्रिय होने का आभास करा दिया है. वैसे बीते दो-तीन सालों में कटंगी शहर में अलग-अलग हिस्सों में स्थित आवासों में चोरी की कई वारदातें हुई है लेकिन घरों में होने वाली किसी भी चोरी का पुलिस पता नहीं लगा पाई है. हालांकि पुलिस इन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि में होने वाली गश्ती को और अधिक बढ़ा दिया. नगर की गलियों में भी पुलिस वाहन रात्रि में गश्त करने लगा. इसके साथ ही पुलिस ने नागरिकों से अपील तक की कि वह अगर अपने मकान को सूना छोड़कर कहीं जा रहे है तो वह पुलिस को जानकारी दें ताकि पुलिस रात्रि में गश्ती के वक्त इस बात का ख्याल रखते हुए सूने मकानों पर भी नजर रख सकें. मगर, पुलिस की गश्ती को चकमा देकर चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया है. वहीं पुलिस की अपील का भी जनता पर कोई असर नहीं पड़ा है।

### नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 6, 7, 8 में गंदगी का अंबार

# वार्डों में हफ्तों से पसरी है गंदगी, वार्डवासियों में आक्रोश



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर परिषद लांजी में वार्डो की सफाई व्यवस्था की ओर परिषद के जिम्मेदारों का कतई ध्यान नहीं है जिसका खामियाजा वार्ड के लोगों को गंदगी और बदबू के रूप में भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में वार्डवासियों का आक्रोश भी चरम पर है जो परिषद के सफाई कर्मियों की कार्यशैली और जिम्मेदार पदों पर आसीन नगर परिषद के अधिकारियों की जिम्मेदारी पर भी सवाल कर रहे है। नगर परिषद लांजी अंतर्गत आने वाले वार्ड संख्या 6,7,8 में लगभग पांच हजार की आबादी है। लेकिन वार्ड में गंदगी पसरी रहती है। सड़को पर घरों से निकलने वाली गंदगी पड़ी है परंतु नगर परिषद का कचरा वाहन हफ्तों से यहां नहीं पहुंच पाया है जिसके कारण यहां से गुजरने वाले राहगीरों के साथ-साथ वार्डवासियों का भी जीना मुहाल हो चुका है। वहीं इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए वार्डवासियों ने कहा की नगर परिषद द्वारा हमेशा ही डोर-टू-डोर से सफाई का ढिंढोरा पीटा जाता है। लेकिन धरातल पर कार्य नहीं होता। हमारे वार्ड में गंदगी का अंबार लगा रहता है। इस ओर नगर परिषद के अधिकारी और कर्मी कुछ सुनते ही नहीं है। हम लोग इस गंदगी में रहने को विवश हैं। इससे कई गंभीर बीमारी भी वार्ड में दस्तक दे सकती है।

**नहीं आ रही कचरा गाड़ी:** वार्डवासियों ने बताया की नगर में सफाई को लेकर एक ओर जहां नगर परिषद बड़े-बड़े दावे करती है, तो वही जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर में सफाई पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन स्थिति कुछ और ही बयां करती है। जिसके चलते नगर में जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। हालात यह है कि आधा दर्जन वार्डों में गंदगी भरी पड़ी हैं। जिन्हें वार्डवासियों कि शिकायतों के बाद भी नहीं हटाया जा रहा हैं। ऐसे में रहवासी गंदगी भरे स्थानों से परेशान हो रहे हैं। वार्डों में कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंचने से गंदगी का अंबार लग चुका है। आवारा मवेशी इन गंदगी और कचरे को रोड में फैलाकर वार्ड की और भी दुर्दशा कर देते हैं जिससे लोगों का आक्रोश चरम पर पहुंच चुका है।

**कई बार शिकायत के बाद भी नहीं सुनवाई:** वार्ड क्रमांक 7 निवासी संजू यादव एवं मनोज यादव का कहना है कि नगर परिषद द्वारा नगर परिषद के जिम्मेदारों को वार्ड में फैली गंदगी के विषय में कई बार जानकारी दी गई है परंतु फिर भी सफाईकर्मी हमारे वार्ड में आने से क्यों कतराते है यह समझ से परे है। नालियों तथा रोड पर फैली गंदगी से हमारा जीना मुश्किल कर दिया है। साथ ही यहां से गुजरने वाले लोगों के लिये भी यह गंदगी परेशानी का सबब बनती जा रही है साथ ही स्कूल जाने वाले बच्चों को भी गंदगी और बदबू के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### इनका कहना है

आपके द्वारा बताए गए स्थानों पर जल्द ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी। नगर में सफाई को लेकर हमारा प्रयास निरंतर जारी है।

**अमित नगपुरे, इंजीनियर**
**नगर परिषद लांजी**

### 6 घंटे की बारिश से स्कूल प्रांगण में भर गया पानी

# शासकीय प्राथमिक शाला बिसोनी में पानी से निकलने मजबूर बच्चे, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



तहसील क्षेत्र लांजी में सुबह 5 बजे से शुरू हुई बारिश से आसपास के इलाकों तथा स्कूलों में जलभराव से निपटने की व्यवस्थाओं को भी उजागर कर दिया है। वहीं महज 6 घंटे की बारिश के पानी ने विद्यालयों की पोल खोल दी है। बारिश शुरू होने से पूर्व शासन प्रशासन एवं ग्राम पंचायतों द्वारा अपने अपने ग्रामों में जलभराव से निपटने के लिए तमाम दावे किए जाते हैं लेकिन क्षेत्र के स्कूल परिसर और आसपास हुए जलभराव ने लोगों के साथ-साथ बच्चों के लिये भी मुश्किलें खड़ी कर दीं। सोमवार की सुबह 5 बजे से हुई बारिश से लांजी तहसील के ग्राम बिसोनी के शासकीय प्राथमिक शाला में भी हर तरफ पानी नजर आया। इससे छोटे छोटे छात्र-छात्राओं को पानी के बीच से होकर कक्षाओं में जाना पड़ा। शाला प्रांगण के सामने जल भराव के कारण बच्चों व शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे-छोटे बच्चों को हुई जिन्हें स्कूल जाने में करीब 2 फिट से अधिक गहरे पानी में होकर निकलना पड़ता है। कई बार तो हालात ऐसे हो जाते हैं कि जलभराव वाले स्थान पर छोटे-छोटे बच्चे गिरकर चोटिल हो जाते हैं। वहीं शिक्षकों द्वारा बताया गया की स्थानीय प्रशासन और ग्राम पंचायत को इसकी जानकारी दी गई है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। शाला प्रांगण में पानी इतना है की विद्यालय पहुंचने वाले बच्चों को परेशानी होती है पानी में गिरने की वजह की कारण बच्चे एक दूसरे का हाथ पकड़ कर जल भरा वाली जगह से गुजरते हैं।

### हम फाउंडेशन की बैठक सम्पन्न

**वारासिवनी।** हम फाउंडेशन भारत शाखा वारासिवनी की सामान्य बैठक जैन भवन वारासिवनी में आयोजित की गई। बैठक में एनजीओ के विस्तार एवं आगामी समय में सेवा कार्य एवं संगठन का कैसे विस्तार किया जाए और संगठन को सक्रिय करने के बारे में विचार विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह की 15 तारीख को जय स्तंभ चौक वारासिवनी में सुबह 8 बजे देश को नमन के नाम से राष्ट्रगान किया जाएगा। बैठक में प्रांत महामंत्री युसुफ खान, जिला नेतृत्व पूर्व आयकर अधिकारी सुभाष गुप्ता, श्याम कौशल कौशल बस सर्विस, राजेश गांधी, वारासिवनी शाखा अध्यक्ष नितिन जैन, उपाध्यक्ष हर्ष डोंगरा, कोषाध्यक्ष आकाश पंचारिया, महामंत्री गौरव विक्कू चापूरकर, संरक्षक विक्की एड़े एवं सदस्य आदेश भोंडले, तरुण देवगड़े, प्रतीक जैन, देवेंद्र नेवी पटले, आसिफ अली, चंद्र कुमार, चिराग झरिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### ठेकेदार की घोर लापरवाही और संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत

# कान्हीवाड़ा से कलारबाकीः ग्रामीणों का आना-जाना हुआ बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला कांग्रेस सिवनी के महामंत्री एम नईम खान आरोप लगाते हुए बताया है कि इस मार्ग पर प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण इसी वर्ष कराया गया किंतु ग्राम मस्जिद टोला के पास भीमगढ़ दी तट की प्रमुख नहर की पुलिया को ठेकेदार द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिए जाने से सैकड़ो ग्रामीणों का आना-जाना बाधित हो गया विशेष कर इस बरसात के मौसम में स्कूल के छात्र-छात्राएं पुलिया से पर नहीं हो पा रहे हैं जब इस विषय पर प्रधानमंत्री सड़क के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने सच्चाई विभाग के ऊपर यह आरोप लगा दिया कि इस पुलिया को नया निर्माण करने के लिए हमें सिंचाई विभाग से अनुमति नहीं मिल पाई जबकि सच्चाई विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया की ऐसी कोई अनुमति उनसे मांगे ही नहीं है एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं प्रधानमंत्री सड़क के अधिकारी और ठेकेदार इन दोनों विभागों की लापरवाही का खामियाजा आम नागरिकों को भगतना पड़ रहा पड़ रहा है प्रधानमंत्री ठेकेदार की कोर लापरवाही यहीं समाप्त नहीं होते कान्हीवाड़ा स्टेशन रोड पर ग्राम पंचायत की नाली को ठेकेदार के डंपर से क्षतिग्रस्त करने के बाद सुधारने की बात कहकर उसे सुधार नहीं गया जिससे कुछ स्थान पर रहने वाले गरीब मजदूर के घर पर बरसात का पानी घुस रहा एक वर्ष ना होने के बाद यह सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी इस विषय को लेकर जिला कांग्रेस महामंत्री एम नईम खान ने जिला कलेक्टर महोदय से इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित प्रधानमंत्री ठेकेदार को तत्काल इस क्षतिग्रस्त पुलिया को दुरुस्त करने के लिए निर्देश देने का कष्ट करेंगे ताकि सैकड़ो नागरिक छात्र-छात्राएं का आवागमन बाधित न हो

### जिले में कई सालों से हो रही भूगर्भीय हलचल

# सिवनी में देर रात लगे झटके 2.8 तीव्रता का भूकंप दर्ज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बीते वर्षो की तरह इस वर्ष भी मानसून आते ही भूगर्भीय हलचल शुरू हो गई है। रविवार देर रात दो बजे के बाद उस वक्त शहर व आसपास के लोगों की गहरी नींद खुल गई जब तेज आवाज के साथ धरती हिली। रिक्टर स्केल पर रविवार देर रात 2 बजकर 2 मिनिट 51 सेकंड पर 2.8 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। पहले चार माह पूर्व 13 मार्च की रात 8 बजकर दो मिनिट पर 3.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। रविवार रात आए भूकंप से किसी प्रकार की हानि की बात सामने नहीं आई है लेकिन लोगों में भूकंप को लेकर एक बार फिर दहशत फैल गई है। वर्ष 2020 में 27 अक्टूबर को रिक्टर स्केल पर सिवनी में पहला भूकंप 3.3 तीव्रता दर्ज किया था। 31 अक्टूबर को दिन में ही दो बार 3.1 व 3.5 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया था। तब भी दहशत थी। नौ नवंबर को सिवनी में रिक्टर पर




3.4 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया था। वर्षा के बाद झटके लगे थे। 13 मार्च की रात धरती के कांपने से लोग दहशत में आ गए थे। चार माह से झटके महसूस नहीं हुए।

भूकंप के हल्के झटके वर्षा के बाद बीते चार सालों से लगातार शहर से लगे कुछ क्षेत्रों में आ रहे हैं।पिछले साल भूगर्भीय हलचल पर जांच करने आए भू विज्ञानियों ने बताया था कि वर्षा का पानी दरारों के जरिए गहराई में पहुंचने के कारण तैयार ऊर्जा के बाहर निकलने से यह झटके महसूस किए जा रहे हैं। बीते चार सालों में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए है। इनमें से कुछ रिक्टर स्केल पर भी दर्ज हुए हैं।

# पेंच टाइगर रिजर्व के अधिक घनत्व क्षेत्र से 200 चीतल रुखड तथा 100 चीतल अरी भेजे जायेंगे

**उपसंचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी ने बताया कि चीतलों के घनत्व की दृष्टि से न केवल मध्य प्रदेश बल्कि भारत के अग्रणी टाइगर रिजर्व में से एक है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

चीतलों की अधिक संख्या एक और गौरव का विषय है और बाघों की बड़ी संख्या के प्रबंधन में अत्यंत मददगार है। मगर दूसरी ओर चीतलों के अत्यधिक घनत्व का कुप्रभाव घास मैदानों की गुणवत्ता पर भी पड़ता है। इसी दृष्टि से मध्यप्रदेश वन विभाग पेंच और मध्य प्रदेश के अन्य अधिक चीतल घनत्व वाले क्षेत्र से चीतलों को ऐसे वन क्षेत्र में हस्तांतरित करता है जहां उनकी संख्या अत्यधिक कम है। विभिन्न प्रबंधकीय कारणो से लगभग विगत एक दशक में मध्य प्रदेश के एक वन क्षेत्र से दूसरे वन क्षेत्र में 8000 से कुछ अधिक संख्या में चीतल हस्तांतरित किए जा चुके हैं। इनमें से 4000 से कुछ अधिक संख्या में चीतल मात्र पेंच टाइगर रिजर्व से अन्य क्षेत्र यथा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व कुनो राष्ट्रीय उद्यान और नौरादेही अभयारण्य जिसे अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नाम से जाना जाता है आदि जगहों मे भेजे जा चुके हैं।

इसी प्रक्रिया के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन ने पेंच के अधिक चीतल घनत्व वाले क्षेत्र से 200 चीतल रुखड परिक्षेत्र एवं 100 चीतल अरी भेजने की अनुमति दी है, रुखड एवं अरी परिक्षेत्र में चीतलों की संख्या बढ़ने पर वनों के भीतर बाघों हेतु भोजन की उपलब्धता बढ़ेगी और इन परिक्षेत्र के समीप गांव से लगे वन क्षेत्र एवं राजस्व क्षेत्र में बाघों के द्वारा होने वाले पशुहानि प्रकरणों में कमी आ सकेगी। इसी तारतम्य में रविवार को गुमतरा परिक्षेत्र के अधिक चीतल घनत्व वाले क्षेत्र से 60 चीतलों को दो अलग-अलग चीतल परिवहन ट्रकों के द्वारा अरी परिक्षेत्र में ले जाकर मुक्त किया गया।

# चरवाहे पर बाघ का हमला,भैसों ने मिलकर जंगल में खदेड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**सिवनी के खंडासा जंगल में बाघ के हमले से चरवाहे रामा बोपटे की जान भैंसों ने बचाई। बाघ के पंजे से घायल रामा को भैंसों ने बाघ से बचाया और प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। उसकी हालत खतरे से बाहर है। महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित दक्षिण सामान्य वनमंडल के खवासा वन परिक्षेत्र अंतर्गत खंडासा जंगल में रविवार शाम जंगल में मवेशियों को चरा रहे एक 57 वर्षीय वृद्ध चरवाहे रामा बोपटे (गौली) पर बाघ ने अचानक हमला कर दिया।**

बाघ चरवाहे को दबोचकर अपना शिकार बनाता, इससे पहले जंगल में चर रही भैंसों ने बाघ की ओर दौड़ लगाकर चरवाहे (मवेशी मालिक) की जान बचा ली। इसे इंसान व पालतु जानवरों के बीच गहरा रिश्ता ही कहा जाएगा, जहां हमलावर बाघ को मवेशियों ने जंगल लौटने पर मजबूर कर दिया।

#### डर कर भाग गया बाघ

भैंसों के आक्रमक होते ही बाघ को पीछे हट गया, जिससे घायल चरवाहे रामा गौली ने मौके से भागकर अपनी जान बचा ली। खवासा वन परिक्षेत्र अधिकारी घनश्याम चतुर्वेदी ने बताया कि रविवार को खंडासा टोला निवासी रामा गौली 7 जुलाई की शाम करीब 4 बजे खंडासा जंगल में मवेशी चरा रहा था। जंगल गए मवेशियों में चरवाहा रामा गौली की कुछ भैंस और अन्य जानवर भी थे। इसी बीच जंगल में मौजूद एक बाघ ने चरवाहे रामा गौली पर हमला कर दिया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी चतुर्वेदी ने बताया कि बाघ के हमले में रामा गौली के पीठ व पैरे में पंजा लगने से गहरे घाव हो गए हैं। घायल चरवाहे के अनुसार, जैसे ही बाघ ने हमला किया, उसकी भैसें और अन्य मवेशियों ने बाघ की ओर दौड़ लगा दी। इससे हमलावर बाघ पीछे हट गया और उसने भागकर अपनी जान बचा ली।

बाद में बाघ जंगल लौट गया और सभी मवेशी भी सुरक्षित जंगल से वापस आ गए। बाघ के हमले में चरवाहे के घायल होने की सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरई लाया गया, यहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल सिवनी रैफर कर दिया गया है।

# सुपर-100 परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संपन्न

**जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने बताया कि म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सुपर-100 परीक्षा योजना 2024 का आयोजन सोमवार 08 जुलाई 2024 को जिलास्तर में 02 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

परीक्षा केन्द्र क्रमांक-7501, नेताजी सुभाष चंद्रबोस शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सिवनी एवं परीक्षा केन्द्र क्रमांक 7502, म.ल.बा.क. शास. उच्च.मा. वि.सिवनी में परीक्षा आयोजित की गई । सोमवार 08 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक कक्षा 11वीं में CLAT की तैयारी हेतु सुपर-100 प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल दर्ज परीक्षार्थी 77, उपस्थित 50, अनुपस्थित 27 पाये गये। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई।

### एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 10 जुलाई को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जिला रोजगार कार्यालय सिवनी में बुधवार 10 जुलाई 2024 को एक दिवसीय जॉबफेयर-प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया हैं। जिसमें गोल्डनफार्मर आग्रेनिक एग्रीकल्चर प्राईवेट लिमिटेड सागर द्वारा सेल्स रिप्रजेंटेटिव ग्रुप लीडर के पद पर भर्ती की जावेगी। न्यूनतम 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण उम्र 20 से 35 वर्ष के युवा इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले सकते हैं। इस कार्य हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय देय नही होगा।

# नगर पालिका की लापरवाही के कारण शास्त्री वार्ड में गंदगी का अंबार, नहीं हो पा रही नाली नालों की सफाई

**नगर के शास्त्री वार्ड क्रमांक 4 में नाले नालियों एवं नागरिकों के घरों के सामने साफ सफाई नहीं हो पा रही है संपूर्ण वार्ड में गाजर घास एवं बेशर्म की भरमार हे नाले नालियों की सफाई न होने के कारण प्लाटों में दलदल बन चुका है एवं कुछ नागरिकों के घरों में तक नाले नालियों का पानी घुस रहा है**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शास्त्री वार्ड में कांग्रेस शासित नगर पालिका के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के बाद भी एक भी नाले नाली का निर्माण नहीं किया गया जिसके कारण वार्ड वासियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है नगर पालिका की निष्क्रियता के कारण वार्ड में नाले नालियों का निर्माण तो दूर की बात है नाले नालियों एवं खाली प्लाटों की साफ सफाई तक नहीं की जा रही है नाले नालियों की सफाई के लिए जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि अभी जेसीबी खाली नहीं है साफ सफाई को लेकर नवागत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन से भी संपर्क किया गया उन्होंने आश्वासन दिया हे कि जल्द ही नगर पालिका संपूर्ण नगर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देगी सफाई के अभाव में प्रतिदिन जगह-जगह पानी भर रहा है विगत दिवस बड़े मिशन स्कूल ग्राउंड में नाले नाली की सफाई न होने के कारण मिशन स्कूल ग्राउंड तालाब में तब्दील हो गया था इसी प्रकार बुधवारी बाजार में भी घुटनों तक पानी भर जाता है नगर पालिका में हजारों ऐसे कर्मचारी हैं जो केवल सुबह एक-दो घंटे ही साफ-सफाई के कार्य में जाते हैं कुछ तो घर बैठे ही नगर पालिका से शासकीय वेतन ले रहे हैं परंतु साफ सफाई का कार्य नहीं करते जिसके कारण नगर में पूर्ण रूप से साफ सफाई नहीं हो पा रही हे नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन अगर नाले नालियों की सफाई की जाए तो नालियों को जाम होने की स्थिति उत्पन्न ही नहीं हो पाएगी परंतु नगर पालिका की निष्कृता के कारण संपूर्ण नगर में गंदगी रही है नगर पालिका में जब भी साफ सफाई के लिए नागरिकों द्वारा जेसीबी की मांग की जाती है तो नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा जेसीबी उपलब्ध नहीं होने की बात की जाती है जिसके कारण नगर में गंदगी मची हुई है अधिकारी कर्मचारियों द्वारा कहा जाता है कि हमारे यहां एक ही जेसीबी है दो ही जेसीबी है जो कि आज व्यस्त है आज आपको जेसीबी उपलब्ध नहीं हो पाएगी नाले नालियों के निर्माण के लिए नगर वासियों द्वारा वर्षों से नगर पालिका के चक्कर लगाए जा रहे हैं परंतु नगर पालिका द्वारा जहां नाली एवं नालियों की निर्माण की आवश्यकता है वहां पर नाली नाले निर्माण नहीं किया जा रहा हैं जिसके कारण नागरिकों के खाली प्लाटों में टूटी-फूटी नाली नालों के पानी के कारण दलदल बन रहे हैं जहां मच्छरों की जनसंख्या वृद्धि हो रही है जिसके कारण नागरिक डेंगू एवं मच्छरों के कारण होने वाली बीमारियों से जूझ रहे हैं।

### हेमेन्द्र नाथ श्रीवास बने मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** रविवार को जनपद पंचायत सभागार में श्री यदुप्रसाद डेहरिया जी मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष के स्तीफा देने के उपरांत स्तीफा स्वीकार करते हुए मप्र कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आदरणीय सुभाष बघेल एवं प्रांतीय सचिव आदरणीय साजिद खान दोनों की अध्यक्षता एवं श्री राजेन्द्र सिंह बघेल, संभाग अध्यक्ष मप्र कर्मचारी कांग्रेस की विशिष्ट उपस्थित में समस्त उपस्थित पदाधिकारियों तहसील, ब्लाक द्वारा सर्व सम्मति से श्री हेमेन्द्र नाथ श्रीवास को जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।इस अवसर पर सर्व श्री लोचन बैस, शिवप्रसाद बघेल श्रीमती विमला धुर्वे, देवकी परतें,नीतु डेहरिया,जानकी परते,वीना चौरसिया,हेमेश्वरी, रेखा बिलखरे, भूपेंद्र उईके, जगदीश,झस्सू सनोडिया,माया,आशा, अनुसुइया,बब्ली, श्रीवास,कमला, श्यामकली, चमेली, रामकली, राजकुमारी , गोविंद नायक,जीवन सिंह, शिवकिशोर, घनश्याम, मनीराम बघेल,विजय, राजेन्द्र बघेल, अनिल, अमृतलाल,पंचम लाल, रेवाराम अहिरवार, पूनाराम ठाकुर, विनायक राव सरला मेश्राम,नितिन, नेती, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिले के हित के जितने मामले मेरे संज्ञान में हैं सभी को मैंने सदन में उठायाः केवलारी विधायक रजनीश हरवंश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिस विधानसभा सत्र को 3 सप्ताह चलना था वह पहले ही सप्ताह में स्थगित कर दिया गया इसलिये मेरे द्वारा सिवनी जिले में हुई गौवंश की हत्या का ध्यानाकर्षण सदन में नहीं आ पाया है. मुझ पर जो आरोप लगाया जा रहा है कि मैने गौ वंश का मामला सदन में नहीं उठाया यह मिथ्या है जिले के हित के जितने मामले मेरे संज्ञान मे है सभी को मैने सदन में उठाया है अगर सदन ही स्थगित हो जायेगा तो मामले सदन में आयेंगे कैसे ?

उक्ताशय की बात केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति मे कही गयी है. आपने कहा कि सिवनी जिले मे हुई गौ हत्याओं के प्रति भी मेरी संवेदनशीलता है और वन्य प्राणियों के प्राकृतिक गलियारे पर भी मेरी संवेदनशीलता है. ठाकुर रजनीश सिंह ने बताया कि जब गायों की हत्याएं हुई मेरे द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव से बात की गयी पहले वे दिल्ली में थे तो उनके ओएसडी से बात हुई फिर बाद में स्वयं उनसे बात हुई. कलेक्टर, एसपी से बात हुई, संभागीय समीक्षा बैठक मे भी मैने ही मुद्दा उठाया और परिणाम सभी के सामन है. सभी समाज के रोष एवं सभी जनप्रतिनिधियों की प्रतिक्रियाओं को देखते हुए शासन प्रशासन ने कार्यवाही की है इस कार्यवाही से हम संतुष्ट नहीं है हमारी मांग तो है कि और कड़ी कार्यवाही की जाये जिसके लिये मैने ध्यानाकर्षण लगाया था पर मेरे द्वारा लगाये गये ध्यानाकर्षण पर सदन में चर्चा हो पाती उसके पहले ही सदन स्थगित हो गया. ठाकुर रजनीश सिंह ने कहा कि रेत खदान का



मामला भी मै शुरू से उठाते आ रहा हूं. वर्ष 2013 मे मैं पहली बार जब विधायक बना था उस पंचवर्षीय में रेत खदान का ठेका दिया गया, सरकारी काम के लिये भी ठेका दिया गया पर तब यह स्पष्ट नहीं था कि पेंच से कान्हा का वन्य जीवों के आवागमन के लिये प्रकृति द्वारा विकसित किया गया जो गलियारा है वह वहाँ से जाता है या नहीं. इसके बाद आखिरकार सरकार ने उस गलियारे को माना. एनटीसीए की गाइडलाइन को मानकर एनएचएआई ने 900 करोड़ रूपये का लाइट एंड साउंड प्रूफ एलीवेटेड हाईवे दिया जिसके कारण हम 2 गुना, 3 गुना टोल देते हैं और जब इतना खर्च हो गया तो उस गलियारे को नष्ट करने के लिये रेत खदान का ठेका दिया जाने लगा. ठाकुर रजनीश सिंह ने कहा कि अगर गलियारा है और उस गलियारों को बचाने के लिये जब भारत सरकार 900 करोड़ खर्च कर सकती है तो रेत खदान का ठेका देकर राज्य सरकार उस पैसे की तबाही क्यों मचा रही है. दूसरी बात यह है कि जब पर्यावरण को दृष्टीगत रखकर पूरा की पूरा एक राष्ट्रीय राजमार्ग रूक सकता है तो रेत खदान पर सरकार क्यों मेहरबान है. हमारे देश चीते विलुप्त हो गये. चीतों को लाने में भारत सरकार करोड़ों रूपये खर्च कर रही है. पेंच के हिरण चीतों के लिये नमीबिया मे छोड़े जा रहे हैं और बाघों को बचाने के लिये जो प्राकृतिक गलियारा है उसे हम नष्ट करने में लगे हैं. ठाकुर रजनीश सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से रेत का उत्खनन किया जा रहा है नदियों के पाट चौड़े हो रहे हैं नदिया नहीं बचेंगी. इन नदियों के कारण जो भूमि में जो आद्रता है उसके कारण प्राकृतिक गलियारा है वह वन्य प्राणियों का हाईवे है. जंगल के प्राणी उस हाईवे से एक नेशनल पार्क से दूसरे नेशनल पार्क जाते हैं ये सेटेलाइट का प्रमाणिक सर्वे है. इतने सारे प्रमाण होने के बाद भी एक ठेकेदार को अवैध तरीके से लाभ पहुँचाने के लिये अगर प्रदेश का पूरा खनिज विभाग आँख बंद करके बैठ जायेगा तो मै तो क्षेत्र का विधायक हूँ मै अपनी आँखे बंद नहीं कर सकता और किसी के हितों को जब चोंट पहुंचेगी, जब कुठाराघात होगा तो वो तो कुछ भी अनर्गल आरोप लगायेगा. मै उन सब आरोपों को सहने को तैयार हूँ. मेरे ऊपर जो भी आरोप लगने हैं लगे, पर मेरी बातें स्व प्रमाणित हैं. अगर गलियारा नहीं होता तो क्या इतने दिनों तक हमारी फोरलेन रूकती. अगर गलियारा नहीं होता तो क्या श्री नितिन गड़करी साहब एशिया का इतना बड़ा हाईवे सिवनी में स्वीकृत करते.

### किसानों के साथ छलावा बंद करो - किसान सभा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हमारे देश में सबसे अधिक छल और कपट किसानों के साथ छलावा होता है क्योंकि देश में किसान 70% संख्या में निवास करते हैं, मिट्टी में अनाज उपजाकर किसानी करते हैं फिर भी अन्नदाता किसान की माली हालत बहुत कमजोर है इस स्थिति का लाभ उठाकर राजनीतिक लोग उनके साथ छलावा कर बैठते हैं इसी क्रम में लोकसभा चुनाव के पहले मध्य प्रदेश में किसानों को अपनी ओर लुभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किसानों को गेहूं के उपज का भाव 2700 रुपया प्रति क्विंटल तथा धान का भाव 3100 रुपया प्रति क्यूटल देने का वायदा किया था परंतु चुनाव में सफलता प्राप्त करने के पश्चात किसानों के साथ छलावा करके उन्हें अंगूठा दिखा दिया उनके साथ छलावा कर दिया और प्रदेश का किसान चुपचाप देखता रह गया यह किसी तरह भी उचित नहीं है बल्कि किसानों के साथ धोखा है। अतः अखिल भारतीय किसान सभा के कॉमरेड डीडी वासनिक चंदन चौधरी तीरथ सिंह गजभिए राजेंद्र चौहान डॉक्टर आर के सनोडिया राजेंद्र जायसवाल संजू डेहरिया पीआर इनवाती आदि ने मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की मोहन सरकार से कहां है कि किसानों के साथ छलावा करना बंद करें और उन्हें अपने किए गए वादे के अनुसार गेहूं का भाव 2700 प्रति क्विंटल तथा धान का भाव 3100 रुपया प्रति क्विंटल तत्काल दें।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत

# आरईएस, पशुपालन, उद्योग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संचालित किये जा रहे ₹एक पेड़ मां के नाम अभियान₹ में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सक्रिय भागिदारी निभाकर कार्यालय परिसर एवं सार्वजनिक स्थलों में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 82 पौधे, पशुपालन एवं डेयरी 35 पौधे, जिला व्यापार एवं उद्योग कार्यालय 15, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय 53 पौधे तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 175 लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आव्हान एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में जारी अभियान अंतर्गत जिले में 36 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें से अब तक 3 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।




### पौध रोपण कार्यक्रम मे छात्र एवं छात्राओं ने किया सहयोग

पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत 8 जुलाई 2024 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एनसीसी ऑफिसर ने बताया कि एनसीसी के छात्र एवं छात्राओं ने नगर पालिका द्वारा पौध रोपण कार्यक्रम में सहयोग किया और बरिया तालाब के नीचे लगभग 200 पौधे लगाने में सहयोग किया और इसी प्रकार जब तक पौधे लगाते रहेंगे जब तक 24 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन छिंदवाड़ा द्वारा दिया गया लक्ष्य प्राप्त न हो इसी प्रकार आगे भी नगर पालिका द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में लगभग 3000 पौधे रोपित किए जाने हैं जिसमें एनसीसी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के छात्र एवं छात्राएं सहयोग करते रहेंगे एवं नगर पालिका अधिकारी जिन्होंने पौध रोपण कार्यक्रम में सम्मिलित किया उन्हें धन्यवाद प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी को धन्यवाद।

**खबर संक्षेप**




### गोवध हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सीतापठोर से गोवध का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस ने इस पूरे मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जिन्हें सोमवार को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया. जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम सीतापठोर में रविवार 07 जुलाई की शाम करीब 05 बजे जंगल में मंगल पिता लक्ष्मण तुमड़ाम उम्र 45 वर्ष और दयाराम पिता परसराम गोनेकर उम्र 62 वर्ष दोनों निवासी खरपड़िया ने मिलकर गोवंश का वध किया. विक्रांत सूर्यवंशी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मप्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4,6,9 और भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 325, 3 (5) की कार्रवाई की है।

### बाढ़ व आपदा राहत के लिये कंट्रोल रूम के नंबर जारी

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार के निर्देशन में बाढ़ व आपदा से राहत के लिये जिला स्तरीय व तहसील स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किये गये है। इन कंट्रोल रूम पर नोडल अधिकारियों की सतत निगरानी रहेगी। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील स्तर पर तहसीलदारों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बाढ़ व आपदा जैसी परिस्थिति से राहत पाने के लिये संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार व कंट्रोल रूम पर सूचना दी जा सकती है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम न. 07632-240102, बालाघाट कंट्रोल रूम 07632-246639, वारासिवनी कंट्रोल रूम न. 07633-299117, बैहर कंट्रोल रूम न. 07636-256726, लांजी कंट्रोल रूम न. 9424370783, कटंगी कंट्रोल रूम न. 07630-250001, तिरोड़ी कंट्रोल रूम न. 8319173969, बिरसा कंट्रोल रूम न. 7773854565, लामता कंट्रोल रूम न. 9329306339 नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## एसपी ने की उकास सोहन के मरने की पुष्टि, 14 लाख का ईनाम था

# पुलिस और नक्सली मुठभेड़ में 14 लाख का इनामी नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट। जिले के हट्टा थाना क्षेत्र में कोठियाटोला में पुलिस और नक्सली के बीच हुए एनकाउंटर में 14 लाख का इनामी नक्सली मारा गया है। बस्तर बीजापुर निवासी नक्सली संगठन के एसीएम उकास सोहन को पुलिस ने मार गिराया है।

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुए एक्सचेंज ऑफ फायर में 14 लाख के इनामी नक्सली को सुरक्षाबलों के जवानों



ने ढेर कर दिया है। क्षेत्र में ऑपरेशन जारी है। घटना के बाद जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

हॉकफोर्स की टीम को सूचना मिली कि कुछ नक्सली सिविल कपड़ों में राशन,



पानी इक्कठा करने ग्राम कोठियाटोला में आने की संभावना है।इस सूचना पर हॉक फोर्स स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम ग्राम कोठियाटोला जंगल क्षेत्र में सर्चिंग करने निकली। सर्चिंग के दौरान ग्राम कोठियाटोला से जंगल की ओर सिविल कपड़ों में जा रहे 10-12 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिये। संदिग्धों को हॉक फोर्स स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप द्वारा सूचना की पुष्टि हेतु रोके जाने हेतु आवाज लगाने पर संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा हॉक फोर्स की टीम पर अंधाधुंध फायरिंग की गई।हॉक फोर्स के जवानों द्वारा भी आड लेकर नियंत्रित एवं प्रभावी जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें 01 हार्डकोर नक्सली को मारा गया, जिसके पास से एक 315 बोर राइफल व केनवुड वायरलेस सेट बरामद किया गया।मारे गये नक्सली की पहचान निम्न के रूप में हुई है-कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के एरिया कमेटी सदस्य सोहन उर्फ उकास उर्फ आयतु उम्र लगभग- 30-35 वर्ष, निवासी ग्राम पुवर्ती, थाना जगरगुंडा, जिला सुकमा, छ0ग0 जो वर्ष 2013 में भर्ती हुआ था एवं आई0ई0डी0 एक्सपर्ट था, वर्तमान में केबी डिवीजन में सक्रिय था।पूर्ण संभावना है कि कुछ और नक्सली घायल हुए हों, इस हेतु सीआरपीएफ और हॉक फोर्स टीमों के द्वारा इस क्षेत्र में बडे स्तर पर सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस, वारासिवनी से आरंभा जा रही थी बस

**बड़ी दुर्घटना टली, 5-6 यात्रियों को मामूली चोटे**

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी से आरंभा-घोटी की ओर जा रही अमृत बस ग्राम महाराजपुर-डोंगरगॉव के बीच में गोसाईदंड के पास देशमुख बस से क्रासिंग के दौरान अनियंत्रित होकर सडक़ से नीचे उतर कर एक पेड़ से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में लगभग 5 से 6 लोगों के आंशिक रुप से घायल होने की खबर हैं। दुर्घटना सोमवार की शाम लगभग साढ़े 6 बजे करीब की बताई जा रही हैं।





### महाराजपुर-डोंगरगॉव के बीच क्रासिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुई बस

जानकारी अनुसार अमृत बस सर्विस की बस क्रमांक एम पी 50 पी 0324 शाम लगभग साढ़े 5 बजे से वारासिवनी से आरंभा घोटी जाने के लिए निकली थी। जब यह बस ग्राम महाराजपुर-डोंगरगॉव के बीच गोसाईदंड के करीब पहुॅची, तभी ग्राम डोंगरमाली से वारासिवनी की ओर से आ रही देशमुख बस सर्विस की बस से इस बस क्रासिंग हुई। क्रासिंग के दौरान अमृत बस के चालक का नियंत्रण स्टेयरिंग से हट गया और बस सडक़ से नीचे उतर कर दलदली जगह से होते हुए पलटने लगी। लेकिन सडक़ के किनारे में लगे हुए बस से टकरा कर बस रुक गई और पलटने से बच गई।

बस के अनियंत्रित होते ही बस के अंदर बैठे हुए यात्रियों में चीख पुकार मच गई थी। लेकिन बस के पलटने से बचने के कारण कोई बड़ी दुर्घटना घटित नहीं हुई और बस में सवार 5-6 यात्रियों को मामूली चोटे आने की जानकारी सामने आ रही हैं। इस दुर्घटना की खबर ग्राम में फैलते ही सैकड़ों ग्रामीणजन तत्काल घटना स्थल पर एकत्रित हो गए। इन ग्रामीणों ने बस का इमरजेंसी दरवाजा व चालक के तरफ का दरवाजा खोलकर यात्रियों को बस से बाहर निकाला।

इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही नगर निरीक्षक वी वी तांडिया पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुॅचे और दुर्घटना की तहकीकात प्रारंभ कर दी हैं।

**रुपे कार्ड को चलन में लाए: सीईओ पटले**

## तय समय सीमा में नहीं हुआ वितरण, तो होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय द्वारा प्रति साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर व बैंक प्रशासक डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित की जाती है। इसी तारतम्य में 8 जुलाई सोमवार को बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा शाखा प्रबंधकों, सुपर वाइजरो, संस्था प्रबंधकों और समिति कर्मचारियों की वीसी के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। श्री पटले ने निर्देशित किया गया कि यदि 15 जुलाई तक शत प्रतिशत रुपे कार्ड का वितरण नहीं किया गया तो प्रशासनिक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। साथ ही डेबिट कार्ड का वितरण भी लक्ष्य अनुसार किया जावे। बैंकिंग प्रतिस्पर्धा के इस दौर में रुपे व डेबिट कार्ड बैंक के खाताधारकों के लिए आवश्यक हैं । श्री पटले ने कॉपरेटिव बैंक के खाताधारकों से अपील की है कि रुपे व डेबिट कार्ड अवश्य ले। इस कार्य हेतु मुख्यालय द्वारा जारी की गई गूगल शीट से प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है।

इसी तरह श्री पटले ने समितियों की बैलेंस शीट भी 10 जुलाई तक पूर्ण करने निर्देशित किया। इसके अलावा मध्यमकालीन ऋण प्रकरण को लेकर प्रति समिति प्रत्येक माह



एक प्रकरण नियमानुसार तैयार कर बैंक मुख्यालय भेजे जाने निर्देश दिये गए। इसके साथ ही कामन सर्विस सेंटर, पैक्स ऑनलाइन, खाद, पौधा रोपण आदि विषयों को लेकर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर विपणन अधिकारी आर.के. असाटी, फील्ड अधिकारी राजेश नगपुरे, लेखा कक्ष प्रमुख श्रीमती सीमा दुबे, स्त्रजल शाक्य, सारंग बिसेन, रौनक चौकसे, श्वेता दहले, राज नंदनी परिहार उपस्थित रहे।

### पाथरवाड़ा में किया पौधारोपण

**कटंगी।** कटंगी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाथरवाड़ा के गायत्री उपवन में सोमवार को गायत्री परिवार के द्वारा पौधारोपण किया गया. जनपद सदस्य पूरन लाल चौधरी और गायत्री परिवार के सदस्यों ने मिलकर विभिन्न प्रजाति के छायादार और फलदार पौधे रोपित किए. इन दिनों गायत्री परिवार के द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

**स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी**

## ठहरे हुए पानी से डेंगू का खतरा, सतर्कता जरूरी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मानसून आते ही कई तरह की मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ जाता है। जिले में अब तक करीब 8 इंच वर्षो से अधिक वर्षा हो चुकी है। गांव गलियों नालियों और नगरों में कई स्थानों पर पानी ठहरने भी लगा है। ऐसे स्थलों पर डेंगू फैलाने वाले मच्छर भी अपना स्थान बना लेते है। इसके लिए घर या घर के आसपास कही भी ऐसा ठहरा हुआ पानी जमा नहीं होने दे। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीषा जुनेजा ने बताया कि विभाग के साथ गोदरेज इंडस्ट्रीज और फैमिली हेल्थ इंडिया मिलकर जिले में डेंगू माह के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में लोगों को बताया जा रहा है कि कैसे बिना राशि खर्च कर सतर्कता बरतते हुए डेंगू के प्रकोप से बचा जा सकता है। मलेरिया अधिकारी डॉ. जुनेजा ने बताया कि घर के भीतर व बाहर की ओर कूलर बहुतायत में रखें जाते है। कूलर में पानी एकत्रित न होने दे कूलर में एकत्रित साफ पानी में ही डेंगू और मलेरिया फैलाने वाले मच्छर पनपते है। इन दिनों फुल कपड़े पहनने पर जोर दें चाहिए। मच्छर रोधी साधनों का उपयोग करें। इसके अलावा पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराए। कुलर के अतिरिक्त कई सामान में पानी एकत्रित होता है। उन सामानों को उल्टा रखने से भी बचाव संभव है।

## ग्राम पंचायत कड़कना की बिना अनुमति के लगा रहा एयरटेल मोबाइल टावर



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

तहसील मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम कड़कना में स्कूल एवं आंगनबाड़ी व पंचायत के पास धनी आबादी में के बीच एयरटेल का मोबाइल टावर जो इंडस कंपनी कड़कना की हितग्राही जितेंद्र अनमोल की जमीन पर जिसके बाजू में जिओ कंपनी का भी टावर बना हुआ है जो बिना पंचायत के एन ओ सी के लगाया जा रहा है जो नियम विरुद्ध है।

ग्राम कड़कना में लग रहे मोबाइल टावर का लंबे समय से चल रहा है विरोध ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत एसडीएम व पुलिस थाना को की जाएगी।ग्रामीणों ने बताया कि टावर कंपनी बिना ग्राम पंचायत की एनओसी और अनुमति के नियम विरूद्ध कार्य कर रही है। तो उसे रुकवाने ग्राम के के पांच व सरपंच प्रतिनिधि शालिकराम ढोरे का कहना है कि टॉवर के लिए पंचायत ने एनओसी नहीं दी है।

ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि ग्राम कड़कना के जितेंद्र अनमोले के भूखंड में मोबाइल टावर का निर्माण कार्य चलाया जा रहा है। जबकि ग्राम पंचायत कड़कना द्वारा व अन्य किसी भी विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया है। ज्ञापन के जरिये निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की गई।

**चेकिंग के दौरान परिवहन विभाग ने 11 वाहनों पर की चालानी कार्रवाई**

## बिना फिटनेस और बीमा के चल रही थी स्कूल बसें

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बिना फिटनेस और बीमा के चल रही 11 स्कूली बसों पर परिवहन विभाग ने चालानी कार्रवाई की है। सोमवार को दोपहर 12 बजे से परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल के नेतृत्व में परिवहन और यातायात विभाग की टीम ने अलग-अलग जगह पर स्कूली वाहनों की चेकिंग कर फिटनेस और बीमा की जांच की।

परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में स्कूल बसों की चैकिंग अभियान शुरू किया गया है। जिसमें सोमवार को स्कूल बसों की जांच की गई। इस दौरान 11 चालान बनाये गए और परिवहन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 41500 रुपए का समन शुल्क वसुला गया है।



जांच के दौरान गुरुदेव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कायदी की बस की जांच में पाया गया कि बस बिना फिटनेस, पीयूसी के संचालित की जा रही थी। जिसका 10 हजार रुपए चालान काटा गया। इसी तरह सेंट मेरी स्कूल में छोटी मैक्स कैब गाड़ियों का संचालन करते पाया गया। जिसमें विभिन्न धाराओं में 31500 रुपए वसूल किए।

### स्कूली विद्यार्थियों ने माँ के नाम पेड़ लगाने में की सहभागिता



**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देशन में जिले में एक पेड़ माँ के नाम अभियान चल रहा है। उनके निर्देशानुसार स्कूलों के परिसरों में पौधे लगाने के कार्य किये जा रहें है। सोमवार को लांजी के साडरा शाउमावि और वारासिवनी के बकेरा शाउमावि सहित अनेक स्कूलों में पौधें लगाए गए। स्कूलों में छायादार व फलदार पौधें ओर ज्यादा जोर दिया गया। इनके टेंगनिखुर्द शाउमावि में 10 पौधें गोल्डन व ग्रीन साइप्रस के अलावा रबर गुलाब चम्पा मोगरा और गुलमोहर जैसे पौधें लगाए है।

## स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा ग्राम चिलौरा में लगातार किया जा रहा स्वास्थ्य परिक्षण

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** कलेक्टर बालाघाट से प्राप्त निर्देशानुसार डॉ मनोज पांडेय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट के नेतृत्व में खंड चिकित्सा अधिकारी लांजी, खंड चिकित्सा अधिकारी बिरसा एवं उनके स्वास्थ्य दल द्वारा लगातार बिरसा एवं लांजी के बिच बसे हुए ग्राम चिलौरा में स्वास्थ्य जाँच एवं उपचार किया जा रहा है । ज्ञात हो की दो दिवस पूर्व एक बालक की मृत्यु होने की सुचना प्राप्त होने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौका स्थल पर जाकर मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए जाँच कार्यवाही की जा रहे है जो की अभी जाँच चल रही है, ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी अनुसार मृत्यु का मुख्य कारण 3-4 दिनों से बुखार आने पर भी योग्य चिकित्सक से इलाज न करवाकर प्राइवेट चिकित्सक से इलाज करवाना एवं झाड़ फूंक के लिए पंडा के पास ले जाना बताया जा रहा है। दिनांक 07 जुलाई 2024 को स्वास्थ्य दल द्वारा ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य परिक्षण एवं उपचार कार्य किया जिसमे 38 लोगो की जाँच की गई इसी प्रकार दिनांक 08जुलाई 2024 दिन सोमवार को भी डॉ मनोज पांडेय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट, डॉ सोनकर जिला क्षय अधिकारी बालाघाट, डॉ प्रदीप गेडाम खंड चिकित्सा अधिकारी लांजी, डॉ सुनील सिंह खंड चिकित्सा



अधिकारी बिरसा एवं लांजी, बिरसा के स्वास्थ्य दल सेक्टर सुपरवाइज़र, एमटीएस, एएॅनएम, ऍनएमए, आशा कार्यकर्त्ता एवं अन्य द्वारा संयुक्त रूप से जाँच उपचार किया जिसमे 140 गामीणो की जाँच की गई तथा ग्राम के 02 मरीजों को उपचार हेतु सिविल अस्पताल लांजी लेकर भर्ती किया गया है ।

## जनपद में हुई सामान्य सभा की बैठक : अधिकारियों की गैर मौजूदगी से नाराज हुई अध्यक्ष और जप सदस्य

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जनपद पंचायत कटंगी के सभागार में सोमवार को सामान्य सभा की बैठक बुलाई गई थी. इस बैठक में तमाम विभागों के अधिकारी और उनका कोई भी प्रतिनिधि नहीं पहुंचा. जिस वजह से बैठक में विभागीय समीक्षा नहीं हो पाई. बैठक में जो अधिकारी गैर मौजूद रहे. उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बैठक में प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर को भेजे जाने की बात अध्यक्ष के द्वारा कहीं गई. जिसे जनपद सदस्यों ने भी सहमति दी है. बैठक में 09 प्रमुख विषयों पर चर्चा होनी थी बाकी अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा होनी थी. मगर, बैठक में विभाग के अधिकारी नहीं होने से चर्चा प्रभावित हुई. बैठक में केवल 15 वां वित्त आयोग अंतर्गत वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना निर्माण संबंधी चर्चा और निर्णय लिए गए. बैठक में जनपद पंचायत कटंगी में संचालित योजनाओं/ शाखा परिवर्तन संबंधी चर्चा, डाकघर के बगल में बनाए गए कमरों को किराए से देने और रिक्त भूमि पर शॉपिंग काम्प्लेक्स का निर्माण करवाने, जनपद पंचायत कटंगी की भूमि पर फेंसिंग कराए जाने, जनपद के पुराने भवन में टीन शेड लगाने, मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना की समीक्षा और जनपद पंचायत कटंगी के एकल खाते में उपलब्ध राशि की जानकारी लेकर चर्चा और निर्णय होना था लेकिन इन विषयों पर चर्चा के बाद निर्णय नहीं हो पाए. बैठक में जनपद अध्यक्ष कविता अरविंद देशमुख, उपाध्यक्ष भानु सिंह पटले, सभापति गण, सीईओ दिनेश कर्पे और जनपद सदस्यगण मौजूद रहे।



बैठक की सूचना एसडीएम, कटंगी-तिरोड़ी तहसीलदार, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और लोक निर्माण विभाग के एसडीओ, जल संसाधन विभाग एसडीओ, बीएमओ, पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक यंत्री/ कनिष्ठ यंत्री विद्युत विभाग, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, बीआरसी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, खाद्य अधिकारी, मत्स्य पालन प्रसार अधिकारी, उद्यान अधीक्षक सेलवा, वरिष्ट कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारिता विभाग के प्रबंधक को दी गई थी. लेकिन इनमें केवल चुनिंदा विभाग के अधिकारी ही बैठक में शामिल हुए. अधिकांश विभागों के अधिकारी गैरमौजूद रहे. जिस पर जनपद अध्यक्ष और जनपद सदस्यों ने विरोध जताया. बैठक में महिला जनपद सदस्य की जगह उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी के कारण भी कई विषय प्रभावित हुए. महिला जनप्रतिनिधि अधिकारियों के सामने अपनी बातें खुलकर नहीं रख पाई. बैठक में महिला जनपद सदस्यों के पतियों की तरफ से ही हर बात रखी गई और विरोध भी जताया गया।

## गणाचार्य श्री विराग सागर महाराज को जैन समाज ने दी विनयांजली

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर में सकल जैन समाज द्वारा रविवार की प्रातः गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज को विनयांजली अर्पित की गई। उल्लेखनीय हैं कि गणाचार्य श्री विराग सागर महाराज की समाधि संल्लेखना महाराष्ट्र के जालना के निकट बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि लगभग ढ़ाई बजे हो गयी।

इस अवसर पर जनपद पंचायत वारासिवनी सीईओ सुश्री दीक्षा जैन, दीपेश जैन नवोदय विद्यालय, पूर्व अध्यक्ष दयाचंद सिंघई, पराग जैन, शालिनी जैन एवम् सकल जैन समाज उपस्थित रहा। समाज के सह सचिव दीपक जैन ने आचार्य विराग सागर जी के जीवन के विषय में बताया कि भारत वर्ष की पावन भूमि सदैव नर रत्नों की जन्म दात्री रही हैं। जहाँ पर तीर्थंकरों, यतिवरो तथा महापुरुषों ने जन्म लेकर पुरुषार्थ द्वारा त्याग, तपस्या के माध्यम से अपना आत्म कल्याण किया। इस श्रंखला में आचार्य श्री विराग सागर जी ने जन्म लेकर इस वसुंधरा को गौरवान्वित किया। मध्य क्षेत्र के पथरिया दमोह जिला मध्यप्रदेश में जब सूर्य उच्च शशि पथ पर भ्रमण कर रहा था, तब 2 मई 1963 के दिन



श्रावक श्रेष्ठ कपूर चंद जी तथा माँ श्यामा देवी के घर यह युग की महान विभूति का अवतरण हुआ। जिसका नाम रखा गया अरविन्द। बाल अरविन्द जी ने कक्षा पांचवी तक की मौलिक शिक्षा ग्राम पथरिया में ही प्राप्त की।

अरविन्द जी को मुनि सेवा तथा जिनेन्द्र भक्ति में अत्यधिक आनंद आता था। उनके यही संस्कार धीरे धीरे वृद्धि को प्राप्त होते गए, तो मुस्कुराते हुए संयम पथ पर पग बढ़ाते हुए अरविन्द जी को देख कर आचार्य श्री सन्मति सागर जी ने 2 फरवरी 1980 में ग्राम बुढार जिला शहडोल मध्यप्रदेश में क्षुल्लक दीक्षा प्रदान की और उनका नाम श्री 105 क्षु पूर्ण सागर रखा गया। उस समय उनकी आयु 17 वर्ष थी।